हरियाणा की जनता ने तीसरी बार भाजपा की सरकार पर लगाई मोहर : भजनलाल शर्मा

'देशभर में आने वाले विधानसभा चुनावों में भी भाजपा को मिलेगा प्रचंड बहुमत'

जयपुर। हरियाणा विधानसभा चुनावों के परिणाम के रूझान आने के साथ ही भाजपा प्रदेश कार्यालय में जश्न का माहौल छा गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मिठाई खिलाकर मुंह मीठा करवाया। भाजपा युवा मोर्चा की ओर से आतिशबाजी की गई। भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जलेबी बनाकर कार्यकर्ताओं का मुंह मीठा करवाया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हरियाणा की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर विश्वास जताते हुए तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार पर मोहर लगाई है। हरियाणा की जनता ने केंद्रीय नेतृत्व, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ सीएम नायब सिंह सैनी के कार्यों और भाजपा जो कहती है, वो करती है की बात पर मोहर लगाई है। हरियाणा चुनावों के परिणामों को देखते हुए मैं पूर्ण विश्वास के साथ कह सकता हूं कि देशभर में आने वाले विधानसभा चुनावों में भी भारतीय जनता पार्टी प्रचंड बहुमत के साथ जीतेगी और केंद्र में चौथी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनेगी। हरियाणा विधानसभा चुनावों के प्रचार-प्रसार के दौरान मैंने वहां के कार्यकर्ताओ का उत्साह देखा और हरियाणा प्रदेश की जनता के उत्साह को देखते हुए भाजपा सरकार की हैट्रिक लगेगी यह साफ नजर आ रहा था। हरियाणा की जनता प्रदेश को आगे ले जाने के साथ विकसित हरियाणा बनाना चाहती है। इसलिए भाजपा को तीसरी बार बहुमत प्रदान किया।

शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश में लूट और झूठ का सहारा लेकर चुनाव जीतना चाहती है। कांग्रेसी नेताओं ने चुनावों के साथ जनता के बीच अफवाहें फैलाई ,लेकिन मतदाताओं ने कांग्रेस और उसके सहयोगियों को जवाब देने का काम किया है। ऐसे में मैं हरियाणा की जनता को कोटि-कोटि धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने विकास के कार्यों पर मोहर लगाई है। सीएम शर्मा ने कहा कि हरियाणा के प्रभारी सतीश पूनिया और राजस्थान से प्रवास पर गए हमारे कार्यकर्ताओं की मेहतन रंग लाई।

- **हरियाणा की जनता ने विकसित हरियाणा के लिए भाजपा सरकार की लगाई हैट्रिक : मदन राठौड़**

राजस्थान से जाने वाले कार्यकर्ताओं ने दिन रात जमीनी स्तर पर मेहनत की, उसका परिणाम भाजपा की सरकार है। मुख्यमंत्री शर्मा ने भी हरियाणा चुनावों में आधा दर्जन विधानसभा क्षेत्रों में प्रचार की कमान संभाली थी, उन सभी विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी की जीत हुई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हरियाणा ही नहीं, भारतीय जनता पार्टी राजस्थान में होने वाले विधानसभा उपचुनावों में भी सभी सीटों पर जीत दर्ज कराएगी। ऐसे में राजस्थान की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि एक तरफ ऐसा नेतृत्व है जो कभी आलू से सोना बनाता है तो कभी फैक्ट्री से जलेबी। ऐसे में राहुल गांधी को अपना जनरल नॉलेज बढ़ाने की आवश्यकता है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में विकास के नए आयाम स्थापित किए है। देश में ही नहीं, पीएम मोदी ने वैश्विक पटल भारत की प्रतिष्ठा बढ़ाई है। ऐसे में हरियाणा की जनता ने देशहित और विकसित हरियाणा के लिए भाजपा सरकार की हैट्रिक लगाई है। कांग्रेस ने एक बार फिर चुनावों में भ्रम फैलाने का काम किया लेकिन हरियाणा की जनता ने कांग्रेस को सीरे से नकार दिया। कांग्रेस ने हरियाणा में सारे हथकंडे अपनाते हुए चुनाव जीतने का माहौल बनाया लेकिन हरियाणा की जनता ने मोदी पर विश्वास जताया। एक ओर कांग्रेसी नेता कहते है भाजपा आरक्षण समाप्त कर देगी, वहीं दूसरी ओर राहुल गांधी विदेश में जाकर यह कहते है कि सत्ता में आएंगे तो हम आरक्षण समाप्त करेंगे। देशवासी कांग्रेसी नेताओं की हकीकत समझ गए और हरियाणा चुनाव में कांग्रेस को सबक सिखाने का काम किया। राठौड़ ने एक बार फिर दावे के साथ कहा कि राजस्थान के आगामी 7 विधानसभा उपचुनावों में भारतीय जनता पार्टी की जीत होगी और प्रदेश की जनता मोदी जी के नेतृत्व में प्रदेश की डबल इंजन सरकार के कार्यों पर मोहर लगाएगी। भाजपा की राष्ट्रीय सचिव डॉ अलका गुर्जर ने सोशल मीडिया के माध्यम से हरियाणा में भाजपा सरकार की हैट्रिक लगने पर शीर्ष नेतृत्व को शुभकामनाएं दी और प्रदेशवासियों का आभार व्यक्त किया। भाजपा कार्यालय में कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल, मदन दिलावर, राज्य मंत्री जवाहर बेड़म,विधायक गोपाल शर्मा, सांसद लुम्बाराम चौधरी, पूर्व सांसद सुमेधानंद सरस्वती, पूर्व नेताप्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, भाजपा उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, सीआर चौधरी,भाजपा महामंत्री श्रवण सिंह बगडी, प्रदेश मंत्री भूपेंद्र सैनी, महेंद्र कुमावत, कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक , भाजपा प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ, सोशल मीडिया संयोजक हिरेंद्र कोशिक, आईटी संयोजक अविनाश जोशी, मोर्चो के प्रदेश अध्यक्ष व जिले के पदाधिकारी सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने मीठाई खिलाकर मुंह मीठा किया।

दुबई से आए युवक के चिकन पॉक्स पाया गया

- **जयपुर एयर पोर्ट पर मेडिकल जांच में युवक को मंकी पॉक्स के लक्षण दिखाई देने पर आरयूएचएस अस्पताल में भर्ती कराया गया**
- **एहतियातन मंकी पॉक्स की जांच के लिए सैंपल एसएमएस भेजा**

जयपुर। जयपुर एयरपोर्ट पर मंगलवार को दुबई से आए एक यात्री में मंकी पॉक्स के लक्षण दिखने के बाद वहां उसे आरयूएचएस हॉस्पिटल में आइसोलेट किया गया है। हालांकि जांच में उसके चिकन पॉक्स पाया गया है। एहतियात के तौर पर मंकी पॉक्स की जांच के लिए उसका ब्लड सैम्पल लेकर सवाई मानसिंह अस्पताल भेजा गया है।

प्रदेश में मंकी पॉक्स को लेकर फिलहाल कोई रोगी सामने नहीं आया है। इस रोग को लेकर राज्य सरकार पूरी तरह सतर्क और सजग है तथा भारत सरकार की ओर से जारी गाइडलाइन के अनुसार प्रोटोकॉल की पालना सुनिश्चित की जा रही है।

निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश माथुर ने बताया कि नागौर जिले के मौलासर का एक 20 वर्षीय युवक दुबई से सांगानेर एयरपोर्ट पहुंचा था। एयरपोर्ट पर हैल्थ ऑफिसर द्वारा की गई स्वास्थ्य जांच में उसके शरीर पर रेशेज पाए गए। इसके बाद इस युवक को आरयूएचएस अस्पताल रैफर किया गया, जहां जांच में उसके चिकन पॉक्स होना पाया गया। फिर भी एहतियात के तौर पर मंकी पॉक्स की जांच के लिए उसका ब्लड सैम्पल लेकर सवाई मानसिंह अस्पताल भेजा गया है। फिलहाल युवक की हालात स्थिर है और वह उपचाराधीन है। डॉ. माथुर ने बताया कि युवक के आस-पास बैठे हुए यात्रियों की भी एयरपोर्ट अथॉरिटी के सहयोग से ट्रेसिंग की जा रही है। अगर युवक जांच में पॉजिटिव पाया जाता है तो भारत सरकार की गाइडलाइन के अनुसार आगे की कार्यवाही की जाएगी। निदेशक जनस्वास्थ्य ने बताया कि दुबई मंकी पॉक्स से प्रभावित देशों में शामिल नहीं है। आरयूएचएस हॉस्पिटल के अधीक्षक डॉ. अजीत सिंह ने बताया कि एम पॉक्स को लेकर हॉस्पिटल में विशेष व्यवस्था की है। एक पूरा फ्लोर सिर्फ एम पॉक्स से ग्रसित मरीजों के इलाज के लिए रिजर्व रखा गया है।

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्लॉट नं. 51, 52 अमित रेजिडेन्सी-बी, धानक्या, जयपुर राजस्थान का मूल पट्टा, रसीद, साईड प्लान जो झालाना डूंगरी गृह निर्माण सहकारी समिति लि. जयपुर द्वारा श्री रोशन लाल चौधरी पुत्र श्री सोहन लाल चौधरी के नाम जारी किया था। उक्त दस्तावेजात कहीं खो गये हैं, कि सोसायटी में डूप्लीकेट पट्टा जारी करवाने के लिये आवेदन किया है। किसी भी व्यक्ति को डूप्लीकेट पट्टा जारी करने बाबत आपत्ति हो तो 7 दिवस में सोसायटी में दर्ज करवा दें बाद मियाद सोसायटी डूप्लीकेट पट्टा जारी करने के लिये स्वतंत्र रहेगी। कृपया सूचित रहे।
झालाना डूंगरी गृह निर्माण सहकारी समिति लि.
रजि.नं. 25/एल.सी. मो.नं. 8078600067

PUBLIC NOTICE
Public at Large is Hereby Informed that Shri Rahul Paharia. Have Been Granted Evvironmental Clearance with EC Identification No. EC24C0108RJ5375439N (File No.RJ/24/SEAC1/MIN/EC/0224) Issued on 01/10/2024. Ec vide Letter Dated 06/10/2024 by SEIAA, Rajashtan For Silica Sand(Minor Mineral) Mine ProjectM.L.No.12/2010,M.L.Area-4.9991 ha Near,Village-Dantli,Tehsil & District, Dausa,Rajasthan Copy of EC Available on "PARIVESH".web Portal of Mo EFCC
Lessee-Rahul Paharia

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्लॉट नं. 94, 95 अमित रेजिडेन्सी-बी, धानक्या, जयपुर राजस्थान का मूल पट्टा, रसीद, साईड प्लान जो झालाना डूंगरी गृह निर्माण सहकारी समिति लि. जयपुर द्वारा श्रीमती मनभर देवी पत्नी श्री गीदा राम के नाम जारी किया था। उक्त दस्तावेजात कहीं खो गये है चूंकि सोसायटी में डूप्लीकेट पट्टा जारी करवाने के लिये आवेदन किया है। किसी भी व्यक्ति को डूप्लीकेट पट्टा जारी करने बाबत आपत्ति हो तो 7 दिवस में सोसायटी में दर्ज करवा दें बाद मियाद सोसायटी डूप्लीकेट पट्टा जारी करने के लिये स्वतंत्र रहेगी। कृपया सूचित रहे।
झालाना डूंगरी गृह निर्माण सहकारी समिति लि.
रजि.नं. 25/एल.सी. मो.नं. 8078600067

PUBLIC NOTICE
Public at Large is Hereby Informed that Shri Rahul Paharia. Have Been Granted Evvironmental Clearance with EC Identification No. EC24C0108RJ5343624N (File No.RJ/24/SEAC1/MIN/EC/0225) Issued on 01/10/2024. Ec vide Letter Dated 06/10/2024 by SEIAA, Rajashtan For Silica Sand(Minor Mineral) Mine ProjectM.L.No.06/1993,M.L.Area-4.6380 ha Near,Village-Dantli,Tehsil & District, Dausa,Rajasthan Copy of EC Available on "PARIVESH".web Portal of Mo EFCC
Lessee-Rahul Paharia

राम नगर गृह निर्माण सहकारी समिति लि., जयपुर
रजि.नं.-2877/एल क्रमांक: 70/2024 दि.8.10.2024
आम सूचना
श्री जगदीश सैनी पुत्र श्री धन्ना लाल सैनी ने भू.सं. 4 एरिया 83.33 वर्गगज समिति की योजना किरण विहार विस्तार ग्राम- गोपालपुरा रोड, जयपुर के मूल कागजात गुम हो जाने पर डुप्लीकेट कागजात प्राप्त करने हेतु समिति में आवेदन किया है। जिसकी गुमशुदगी की सूचना दिनांक 07.08.2024 को LR No. 2230053/2024 राजस्थान पुलिस में दर्ज करा दिया गया है। यदि किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो 7 दिवस में समिति कार्यालय में संपर्क करें अन्यथा बाद मियाद गुजर जाने पश्चात प्रार्थी को डुप्लीकेट कागजात जारी कर दिये जायेगें। सूचित रहे।
मंत्री,
राम नगर गृह निर्माण सहकारी समिति लि., जयपुर

कार्यालय तहसीलदार किशनगढ़ रेनवाल, (जयपुर ग्रामीण)
Email : tdr.krenwal.jpr@gmail.com
TELEPHONE: 01424-294333
क्रमांक: भूअ0/2024/4758 दिनांक: 04-10-24
सामाचार पत्र साया नोटिस
न्यायालय हाजा मे भू-राजस्व अधिनियम 1956 के नियम 135 (2) के अन्तर्गत सरजू पत्नि रामेश्वर जाति ब्राह्मण निवासी कोढी ग्राम कोढी के ख.न. 262 मे नाम कृषि भूमि का वसीयत के आधार पर नामान्तरण विचाराधीन है। इस संबंध में किसी को कोई उज्र ऐतराज हो तो इस सूचना के प्रकाशन तारीख से पांच दिवस में मय सबूत पेश करें अन्यथा प्रकरण में नियमानुसार एकपक्षीय कार्यवाही अमल में लायी जावेगी एवं गुजरने मियाद कोई उज्र एवं ऐतराज मान्य नहीं होगा।
यह नोटिस आज दिनांक 04.10.24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मोहर से जारी किया गया है तथा उक्त का स्थानीय समाचार पत्रों में साया करवाया जावे जिसका खर्चा प्रार्थीगण स्वयं वहन करेंगे।
तहसीलदार (भू.अ.) कि. रेनवाल (जयपुर)

शिक्षकों की आवश्यकता:
केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली द्वारा संस्कृत शिक्षण की केन्द्रीय योजना के अन्तर्गत
"ज्ञानदीप आदर्श संस्कृत विद्यापीठ वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय"
ईशरावाला, तहसील- आमेर, जिला- जयपुर, राज.
रिक्त पदों की संख्या: 03
संस्कृत वाङ्मय- 1 | संस्कृत व्याकरण- 1 | सामान्य संस्कृत- 1
शैक्षिक योग्यता: राज्य सरकार/ यू.जी.सी. द्वारा निर्धारित परंपरागत उपाधि धारक एवं प्रशिक्षित अभ्यर्थी को वरीयता
मानदेय: 20,000/- प्रतिमाह
नोट: अभ्यर्थी अपने जीवनवृत के साथ साधे कागज पर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के साथ समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की छायाप्रति एवं पहचान पत्र पंजीकृत डाक द्वारा अथवा स्वयं उपस्थित होकर निम्न लिखित पते पर विद्यालय कार्य दिवसों में दिनांक 25.10.2024 सांय 5:00 बजे तक प्रेषित/ प्रस्तुत कर सकते हैं। विलम्ब से प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा। साक्षात्कार की सूचना विद्यालय द्वारा अभ्यर्थी को पृथक से दी जावेगी।
प्रबंधक: "ज्ञानदीप आदर्श संस्कृत विद्यापीठ वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय, ईशरावाला, तहसील- आमेर, जिला- जयपुर, राज. मो.: 9928011376

हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना
(साधारण प्रारूप)
व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची संख्यांक 4
न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश
क्रम-02 जयपुर महानगर द्वितीय
विरेन्द्र जौहरी व अन्य
विरूद्ध
नरेन्द्र जौहरी व अन्य
वाद/प्रार्थना पत्र तकासमा
प्रार्थना-पत्र संख्या 5572/2024
1. नाम श्रीमती रेनु सक्सेना पत्नी मनोज सक्सेना
2. नाम श्री धमेन्द्र जौहरी पुत्र स्व. नरेन्द्र जौहरी
3. नाम अंशु भटनागर पत्नी श्री राजीव भटनागर
4. नाम रितु सक्सेना पत्नी श्री विजय सक्सेना
उक्त वादी ने ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि .....
अत: आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरूद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दिनांक 10 माह 10 सन् 2024 को 10.30am बजे पूर्वाह्न में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आदेश की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जाएगा।
यह आज दिनांक 8 माह 10 सन् 2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।
आज्ञा से
रीडर ग्रेड-प्रथम
अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश
क्रम 02 जयपुर महानगर द्वितीय
अदालत मुहर

उत्तर पश्चिम रेलवे
ई-निविदा सूचना
सं. एसएण्डटी -जेयू-16-2024-25
भारत के राष्ट्रपति की ओर से और उनके लिए मंडल रेल प्रबन्धक/सं.व.दू.उ.प.रे.,जोधपुर द्वारा निम्न लिखित सिगनलिंग एवं टेलीकॉम सम्बन्धी कार्य हेतु मुहरबंद ई निविदाएं आमंत्रित की जाती है। 1. कार्य का नाम : उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों तथा डी एल एम् सी में लगे एफट्रौनिक्स मेक के डाटा लोगर, आर टी यू, सर्वर, फायरवॉल, एस एस आई प्रोटोकॉल कनवर्टर, ऍफ ई पी, सेफ्टी पॉइंट अलार्म यूनिट उपकरणों का तीन साल के लिए व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध का कार्य। 2. कार्य की अनुमानित लागत : रुपये 3,54,39,067/- 3. ई निविदा जमाकर्ता कार्यालय का पूर्ण पता : वरि.मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजी. मंडल रेल प्रबन्धक कार्यालय हरीश जौशी मार्ग जोधपुर 4. बयाना राशि (Bid Security) :रूपये 327200/- 5. ई निविदा प्रपत्र जमा कराने एवं खुलने की तारीख व समय : 04.11.2024 को 11.00 बजे तक। तथा ई टेंडर ऑन लाईन आई आर ई पी एस 11.00 बजे बन्द होने के तुरन्त बाद खोली जायेगी। 6. वैब साईट विवरण एवं नोटिस बोर्ड व कार्यालय जहाँ से टेण्डर का विवरण देखा जा सकें। एवं खरीद की जा सकें। : www.ireps.gov.in नोट:- यह एक ई टेण्डर हैं इसलिए इसमें भाग लेने के लिए ठेकेदार ई टेण्डरिंग के द्वारा उल्लेखित वैब साईट पर टेण्डर डाले। 1162-CR/24
हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

नाम परिवर्तन
मेरा नाम अंकुर छाबड़ा पुत्र श्री गुरूशरण छाबड़ा शैक्षणिक दस्तावेजों में अंकुर भारती छाबड़ा अंकित हो गया है। भविष्य में मुझे अंकुर छाबड़ा के नाम से जाना जावें। पता-1020, ओमेक्स सिटी, अजमेर रोड, भांकरोटा जयपुर

मैं सौरभ गर्ग पुत्र श्री दामोदर लाल गर्ग, निवासी-60, बैंक कॉलोनी, महेश नगर विस्तार, गोपालपुरा बाईपास, जयपुर। मेरी पुत्री का पूर्व में नाम परी था जिसे बदलकर वान्या गर्ग रख लिया है। भविष्य में वान्या गर्ग के नाम से जाना पहचाना जाए।

I Have Changed My Name From Maya Kumari Ketejnani To Maya Kumari Tejnani D/o Udhamal Ketejnani For All Purpose. P.No. D-488-489, Vidhyadhar Nagar, Jaipur (Raj.)

I have changed My name From Sridas Deendayal Garg S/o Deendayal Ramdayal Garg to Sridas Garg. For All Purpose. Add: 60/10, Sheopur Road, Pratap Nagar, Jaipur - 302033

खोया पाया
मेरे प्लॉट नम्बर 41 प्रिंस कॉलोनी जाजोलाई की तलाई आमेर जयपुर का असल विक्रयपत्र जो कि कमल किशोर सैनी पुत्र कुशालराम द्वारा हुमा कौसर के नाम करवाया गया है जो कि रामगंज जयपुर में गिर गया है मिलने पर सम्पर्क करें हुमा कौसर 759, बिसातियों का मोहल्ला जयपुर-9414209817

मेरे भूखण्ड सं. 202 प्रेम सागर योजना, नृसिंहपुरा का जेडीए पट्टा व अन्य मूल कागजात खो गये है मिलने पर सूचित करें- सतीशचन्द्र अग्रवाल-9024546924

मेरा मकान नं. एस-37, एस-38, प्लॉट नं. 38 गोविन्दम विहार, लोहामण्डी, सीकर रोड जयपुर के विमला देवी के नाम से जारी मूल दस्तावेज (भैरव गृह निर्माण समिति) के कहीं गिर गये है। मिलने पर सूचित करें-मदन लाल मीणा-9414037705

मेरे प्लाट नंबर 130 योजना महेश कॉलोनी सोसाइटी महेश गृह निर्माण सहकारी समिति है जिसका मूल आवंटन पत्र और मूल रसीद कहीं गुम हो गई है मिलने पर सूचित करें बालू लाल समदानी मो-9828678676

निजी खातेदारी की आवासीय योजना शिव सागर ग्राम मेंदला उर्फ झुझारपुर तहसील सांगानेर जयपुर के भूखण्ड संख्या 16 के रजिस्टर्ड जेडीए पट्टे के साथ संलग्न रजिस्ट्री का ENDORSEMENT प्रिंट कहीं गुम हो गये हैं। मिलने पर सूचित करें। सुमनलता भीमवाल मोबाईल नम्बर 9602308063

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 312/2024
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि श्री राधेश्याम सैनी पुत्र श्री रामचन्द सैनी निवासी सुपर बाजार शारदा कॉलोनी जयसिंहपुरा खोर जयपुर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत श्री विचित्र हनुमान मंदिर ट्रस्ट कार्यालय पता पण्डा की प्याऊ जयसिंहपुरा खोर, जयपुर ने राजस्थान के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 07.10.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 11.12.2024
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग जयपुर

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 316/2024
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि श्री राजेश कोठारी पुत्र श्री जीत मल कोठारी निवासी 19-ए, बरडिया कॉलोनी म्यूजियम रोड, जयपुर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत रतन म्यूँरिटी ट्रस्ट कार्यालय पता-19-ए, समता बरडिया कॉलोनी, म्यूजियम रोड, जयपुर राजस्थान प्रन्यास के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 08.10.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 16.12.2024
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग जयपुर

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 305/2024
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि श्री हर्षवर्धन सिंह पुत्र श्री शिवराज सिंह सोलंकी निवासी बी-59, सीकर हाउस, जयपुर-302016 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत किडनी पेशेंट वेलफेयर सोसाइटी कार्यालय पता बी-59, सीकर हाउस, जयपुर-302016 ने राजस्थान के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 04.10.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 09.12.2024
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग जयपुर

कार्यालय उपायुक्त (झोटवाडा जोन) नगर निगम जयपुर ग्रेटर
क्रमांक-एफ-()झो.जोन/ज.न.नि./2024/1323 **सार्वजनिक सूचना** दिनांक-08.10.2024
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रशासन शहरों के संग अभियान-2021 में उपायुक्त झोटवाडा जोन नगर निगम ग्रेटर जयपुर कार्यालय में निम्न पत्रावलियों में रजि. विक्रय पत्र/रजि. वसीयतनामा/रजि.उपहार/रजि. हक त्याग पत्र इत्यादि के आधार पर पट्टा/नाम हस्तान्तरण आदि के लिए आवेदन प्रस्तुत किए गए हैं। किसी को भी किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें, अन्यथा निर्धारित समयावधि की समाप्ति के बाद नियमानुसार कार्यवाही सम्पादित कर दी जाएगी।

क्र.सं.	आवेदक का नाम	भूखण्ड का विवरण	सोसायटी का नाम	क्षेत्रफल (वर्गगज)
1	हेमन्त सेतिया, अनुज सेतिया पुत्र श्री सुरेश कुमार परनामी	64 शालीमार बाग	अरविन्द नगर गृह निर्माण सहकारी समिति	333.33

उपायुक्त, झोटवाडा जोन
नगर निगम ग्रेटर जयपुर

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता मुरलीपुरा जोन नगर निगम, ग्रेटर जयपुर
मुरलीपुरा स्कीम, सब्जी मण्डी, जयपुर
क्रमांक :- ज.स.अ./2024/146 दिनांक :- 07/10/2024
ई-निविदा सूचना संख्या 14/2024-25
केन्द्र एवं राज्य सरकार के विभागों में पंजीकृत "एए" व "ए" श्रेणी के ठेकेदारों एवं नगर निगम जयपुर के उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से विभिन्न विकास कार्यों की निविदा आमंत्रित की जाती हैं। कार्यों की अनुमानित लागत, टेण्डर बेचे जाने तथा प्राप्त करने की तारीख, टेण्डर शर्त आदि सम्पूर्ण विवरण राज्य सरकार के ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल http://eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.raj.nic.in तथा नगर निगम ग्रेटर, जयपुर की Web Site www.jaipurmc.org पर देखी व Download की जा सकती है तथा निर्धारित अवधि तक ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल http://eproc.rajasthan.gov.in पर अपलोड की जा सकेगीं।
UBN No. JMC2425WSOB00663
अधिशाषी अभियन्ता (मुरलीपुरा जोन), नगर निगम ग्रेटर, जयपुर
राज.संवाद/सी/24/6211

आतंकी गोल्डी बराड के गिरफ्तारी वारंट जारी

जयपुर। एनआईए मामलों की विशेष अदालत ने सुखदेव सिंह गोगामेडी हत्याकांड में वांछित आतंकी सतविन्द्र सिंह उर्फ गोल्डी बराड के गिरफ्तारी वारंट जारी किए हैं। अदालत ने यह आदेश एनआईए की ओर से दायर प्रार्थना पत्र को स्वीकार करते हुए दिए।

प्रार्थना पत्र में कहा गया कि दिसंबर, 2023 में श्यामनगर थाना इलाके में सुखदेव सिंह गोगामेडी की दो बंदूकधारियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। जिसकी जांच बाद में एनआईए को सौंपी गई। जांच में सामने आया कि हत्याकांड के षडयंत्र में गोल्डी बराड और रोहित गोदारा सहित अन्य लोग शामिल हैं।

इसके अलावा गोल्डी बराड ने आनंद तिवारी नामक व्यक्ति को सोशल मीडिया के जरिए दिए साक्षात्कार में भी माना है कि संपत्ति विवाद के चलते उसकी गैंग ने गोगामेडी की हत्या की है। गोल्डी बराड एक डेजिग्नेटेड आतंकी है। एनआईए ने पंजाब स्थित उसके निवास पर कई बार नोटिस भेजे, लेकिन वह जांच में शामिल नहीं हुआ। ऐसे में उसके गैर जमानती वारंट जारी किए जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने आरोपी गोल्डी बराड के गिरफ्तारी वारंट जारी किए हैं।

सिंगापुर में कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने प्रदेश में कारोबार के लिए कंपनियों को आमंत्रित किया

जयपुर। 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के तहत उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ के नेतृत्व में सिंगापुर दौरे पर गए एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को वहां इन्वेस्टर मीट में हिस्सा लिया और वहां की कई प्रमुख कंपनियों के आला अधिकारियों के साथ मुलाकात की। इन मुलाकातों में उद्योग मंत्री के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल ने निवेशकों और व्यापारिक जगत के अधिकारियों से राजस्थान आने, राज्य में निवेश की संभावनाएँ तलाशने और व्यापार के नए अवसर बनाने का आग्रह किया। इस दौरान निवेशकों और कंपनियों को माननीय मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में सरकार द्वारा व्यापार जगत के लिये लिए जा रहे अनुकूल नीतिगत निर्णयों से भी अवगत कराया गया।

सिंगापुर इन्वेस्टर मीट में बोलते हुए राठौड़ ने कहा, सिंगापुर की कंपनियां राजस्थान के लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में निवेश करने पर विचार कर सकती हैं। हमारे राज्य से वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरीडोर, और 2 एक्सप्रेसवे-दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे और अमृतसर-जामनगर एक्सप्रेसवे-गुजरते हैं। इन दोनों एक्सप्रेसवे के दोनों ओर जमीन

व्यवसायों के लिए उपलब्ध है। हमारे यहां साल में 320 दिन से ज्यादा धूप रहती है, हमारी आबादी युवा है, व्यवसायों